भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**राज्यसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2319**

**08.08.2025 को उत्तर के लिए नियत**

**ईवी चार्जिंग स्टेशनों की पर्याप्तता**

2319 **डा. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में वर्तमान में पर्याप्त संख्या में ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं और क्या देश में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की भविष्य की आवश्यकता/स्थापना के लिए कोई आकलन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में स्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशनों का ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत पांच वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में स्थापित ईवी चार्जिंग स्टेशनों का वर्ष-वार, शहर-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क) से (ग):** विद्युत मंत्रालय (एमओपी) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, देश में कुल 29,277 सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन (ईवीसीएस) संस्थापित किए गए हैं। 2022 से संस्थापित चार्जिंग स्टेशनों का वर्ष-वार विवरण **अनुलग्नक- क** में संलग्न है। इसके अतिरिक्त, भावी आवश्यकता के लिए, अखिल भारतीय स्तर पर पर्याप्त ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संस्थापना हेतु पीएम ई-ड्राइव स्कीम के अंतर्गत 2,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

**(घ):** विद्युत मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 01.08.2025 तक उत्तर प्रदेश में 2,326 सार्वजनिक ईवीसीएस संस्थापित किए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश राज्य में संस्थापित सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों का ज़िलावार विवरण **अनुलग्नक- ख** में संलग्न है।

**(ङ):** विद्युत मंत्रालय ने "इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना की संस्थापना और प्रचालन हेतु दिशानिर्देश-2024" जारी किए हैं, जो बैटरी स्वैपिंग/चार्जिंग स्टेशनों सहित संयोजिन और अंतरप्रचालनीयता ईवी चार्जिंग अवसंरचना नेटवर्क बनाने के लिए मानकों और नयाचारों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हैं।

ईवीसीएस की स्थापना एक गैर-लाइसेंस प्राप्त गतिविधि है और कोई भी संस्था देश भर में ईवीसीएस स्थापित कर सकती है।

अखिल भारतीय स्तर पर सार्वजनिक ईवीसीएस की संस्थापना के लिए पीएम ई-ड्राइव स्कीम के तहत 2,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

*******

**अनुलग्नक- क**

**विद्युत मंत्रालय (एमओपी) से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01.08.2025 तक देश में संस्थापित सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों (पीसीएस) का वर्षवार विवरण:-**

| क्र. सं. | वर्ष | कुल पीसीएस की संख्या | नव रिपोर्ट किए गए पीसीएस की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | दिसंबर 2022 तक | 5,151 | 5,151 |
| 2 | दिसंबर 2023 तक | 11,903 | 6,752 |
| 3 | दिसंबर 2024 तक | 25,202 | 13,299 |
| 4 | 01.08.2025 तक | 29,277 | 4,075 |

**अनुलग्नक- ख**

**विद्युत मंत्रालय से प्राप्त सूचनानुसार 01.08.2025 तक उत्तर प्रदेश में संस्थापित सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की जिलेवार सूची:-**

| क्र.सं. | जिला | पीसीएस की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आगरा | 88 |
| 2 | अलीगढ़ | 37 |
| 3 | अंबेडकरनगर | 24 |
| 4 | अमेठी | 17 |
| 5 | अमरोहा | 29 |
| 6 | औरैया | 11 |
| 7 | अयोध्या | 27 |
| 8 | आजमगढ़ | 42 |
| 9 | बागपत | 18 |
| 10 | बहराईच | 26 |
| 11 | बलिया | 33 |
| 12 | बलरामपुर | 14 |
| 13 | बाँदा | 19 |
| 14 | बाराबंकी | 30 |
| 15 | बरेली | 53 |
| 16 | बस्ती | 26 |
| 17 | भदोही | 17 |
| 18 | बिजनौर | 45 |
| 19 | बदायूं | 28 |
| 20 | बुलन्दशहर | 31 |
| 21 | चंदौली | 25 |
| 22 | चित्रकूट | 12 |
| 23 | देवरिया | 36 |
| 24 | एटा | 19 |
| 25 | इटावा | 24 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 10 |
| 27 | फ़तेहपुर | 21 |
| 28 | फिरोजाबाद | 20 |
| 29 | गौतमबुद्धनगर | 100 |
| 30 | गाजियाबाद | 39 |
| 31 | गाजीपुर | 19 |
| 32 | गोंडा | 57 |
| 33 | गोरखपुर | 31 |

| क्र.सं. | जिला | पीसीएस की संख्या |
|---|---|---|
| 34 | हमीरपुर | 18 |
| 35 | हापुड़ | 21 |
| 36 | हरदोई | 24 |
| 37 | हाथरस | 15 |
| 38 | जालौन | 34 |
| 39 | जौनपुर | 48 |
| 40 | झांसी | 34 |
| 41 | कन्नौज | 14 |
| 42 | कानपुर देहात | 37 |
| 43 | कानपुर नगर | 45 |
| 44 | कासगंज | 10 |
| 45 | कौशांबी | 18 |
| 46 | खेरी | 53 |
| 47 | कुशीनगर | 20 |
| 48 | ललितपुर | 25 |
| 49 | लखनऊ | 74 |
| 50 | महोबा | 21 |
| 51 | महराजगंज | 26 |
| 52 | मैनपुरी | 24 |
| 53 | मथुरा | 41 |
| 54 | मऊ | 12 |
| 55 | मेरठ | 31 |
| 56 | मिर्जापुर | 37 |
| 57 | मुरादाबाद | 37 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 34 |
| 59 | पीलीभीत | 25 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 47 |
| 61 | प्रयागराज | 88 |
| 62 | रायबरेली | 25 |
| 63 | रामपुर | 35 |
| 64 | सहारनपुर | 21 |
| 65 | संभल | 24 |
| 66 | संतकबीरनगर | 11 |
| 67 | शाहजहांपुर | 46 |
| 68 | शामली | 11 |
| 69 | श्रावस्ती | 10 |

| क्र.सं. | जिला | पीसीएस की संख्या |
|---|---|---|
| 70 | सिद्धार्थनगर | 25 |
| 71 | सीतापुर | 33 |
| 72 | सोनभद्र | 34 |
| 73 | सुल्तानपुर | 30 |
| 74 | उन्नाव | 26 |
| 75 | वाराणसी | 54 |
| | **कुल** | **2,326** |